पावरग्रिड
POWERGRID

पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
POWER GRID CORPORATION OF INDIA LIMITED
(A Government of India Enterprise)

# प्रेस विज्ञप्ति

तत्काल उपयोग हेतु

## पावरग्रिड ने भिवाड़ी में देश का पहला 315 एमवीए सिंथेटिक एस्टर ऑयल-फिल्ड पावर ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन किया

**गुरुग्राम:** पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (पावरग्रिड), विद्युत मंत्रालय के अधीन एक महारत्न सार्वजनिक उपक्रम ने अपने भिवाड़ी सब-स्टेशन पर देश के पहले 315 एमवीए, 400/220/33 केवी सिंथेटिक एस्टर ऑयल-फिल्ड पावर ट्रांसफॉर्मर का उद्घाटन किया। यह उपलब्धि भारत के ट्रांसमिशन क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण तकनीकी मील का पत्थर है।

इसका उद्घाटन डॉ. आर. के. त्यागी, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, पावरग्रिड ने किया। इस अवसर पर श्री जी. रविशंकर, निदेशक (वित्त), श्री नवीन श्रीवास्तव, निदेशक (प्रचालन), श्री बुर्रा वामसी राम मोहन, निदेशक (परियोजना), श्री नवीन कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्री शिव तपस्या पासवान, स्वतंत्र निदेशक, श्री आलोक शर्मा, कार्यपालक निदेशक (उ. क्षे.-I) सहित पावरग्रिड कॉर्पोरेट कार्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

नव-स्थापित ट्रांसफॉर्मर में सिंथेटिक एस्टर इन्सुलेटिंग ऑयल का उपयोग किया गया है, जो पारंपरिक मिनरल ऑयल के मुकाबले एक नेक्स्ट जेन, बायोडिग्रेडेबल एवं अग्निरोधी विकल्प है। 315 एमवीए क्षमता वाला यह ट्रांसफॉर्मर इस तरह डिजाइन किया गया है, जो हाई लोड परिस्थितियों में कुशल प्रचालन के साथ दुनिया भर में ग्रीन ट्रांसमिशन टेक्नोलॉजी में पालन किए जा रहे सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप पर्यावरणीय जोखिम को कम करता है।

31 दिसम्बर 2025 तक, पावरग्रिड 287 सब-स्टेशनों, 1,81,894 सर्किट किमी ट्रांसिमशन लाइनों और 5,94,016 एमवीए की ट्रांसफॉर्मेशन क्षमता को कमीशन कर प्रचालित कर रहा है। नवीनतम उपकरणों और तकनीकों को अपनाने, स्वचालन और डिजिटल समाधानों के उन्नत उपयोग से, पावरग्रिड 99.84% की औसत ट्रांसिमशन प्रणाली उपलब्धता बनाए रखने में सक्षम रहा है।

***जारीकर्ता:***
***टीम कॉर्पोरेट संचार***
***हमें ट्विटर पर फॉलो करें: @pgcilindia***
***ई-मेल: powergrid.pr@powergrid.in***
***www.powergrid.in***